## इकाई – 5

# आपदा काल में वैकल्पिक संचार व्यवस्था

संचार माध्यम आपदा काल के लिए महत्वपूर्ण हैं। दिन–प्रतिदिन होनेवाली आपदा का विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा प्रसारण किया जाता है।

**संचार के माध्यम**

- दूरभाष
- मोबाइल फोन
- हेम रेडियो
- फैक्स
- उपग्रह फोन

**संचार व्यवस्था बाधित होने के कारण**

- केबुल का टूट जाना
- बिजली आपूर्ति बाधित होना
- संचार तंत्र भवन का क्षतिग्रस्त होना
- ट्रांसमिशन लाइन/टावर क्षतिग्रस्त होना

**महत्वपूर्ण तथ्य :**

- 2 अगस्त 2008 में कुसहा के नजदीक कोसी बाँध क्षतिग्रस्त होने के उपरांत संचार के सभी साधन बंद हो गए थे।
- वर्तमान समय में मोबाइल फोन सबसे लोकप्रिय संचार साधन है।
- हेम रेडियो–गैर वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाने वाला संचार माध्यम है।
- इसके संचालन के लिए ऊर्जा की आपूर्ति जेनरेटर तथा बैट्री से की जाती है।
- प्राकृतिक आपदा के समय संचार के अन्य साधनों के अवरूद्ध होने पर हेम रेडियो सफलतापूर्वक कार्य करता है।
- संचार उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित रेडियो रिले स्टेशन है जिसका महत्वपूर्ण कार्य मोबाइल और ई–कम्युनिकेशन करना है। आपदा प्रबंधन में सर्वाधिक उपयोग में लाया जानेवाला संचार साधन 'उपग्रह फोन' है।

**प्रश्न :**

1. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है –
   (क) सार्वजनिक टेलीफोन (ख) मोबाइल फोन
   (ग) वॉकी–टॉकी (घ) रेडियो

2. हैम रेडियो के उपयोग पर प्रकाश डालिए।

3. मानव शरीर में आग से जलने की स्थिति में जले हुए स्थान पर क्या प्राथमिक उपचार करना चाहिए?